दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र 2019–2020
अभ्यास कार्य पत्र

विषय – हिंदी
कक्षा – नवीं

सामान्य निर्देश –
• प्रश्न पत्र के चार खंड हैं – क, ख, ग और घ
• सभी प्रश्न अनिवार्य है।
• उत्तर लिखते समय शब्द सीमा का ध्यान रखिए।
• उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड–क (अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आधुनिक युग में 'परिवर्तन' का नाम ही फैशन है। हर व्यक्ति स्मार्ट दिखना चाहता है । अतः फैशन की अंधी दौड़ में शामिल है। युवा वर्ग तो फैशन का ही दीवाना है। इसके प्रेरणा स्रोत हैंः– सिनेमा के सितारे, विज्ञापन जगत के नए मॉडल । फैशन का प्रभाव व्यक्ति और वस्तु दोनों पर पड़ा है। व्यक्ति के परंपरागत रीति–रिवाज़ नए रंगों में रंगने लगे वस्तुओं में नवीनता का समावेश होने लगा। दीपावली पर माटी के दीपक और होली पर टेसू पुष्पों का रंग लगाना भूल चुके हैं। लेकिन 'फादर डे' या 'मदर डे' पर आर्चीज़ से कार्ड लाने का फैशन बढ़ रहा है। देश का यह दुर्भाग्य है कि फैशन के नाम पर हम निरंतर पतन के गर्त में गिरते जा रहे हैं। जन्म देने वाले पिता को पिता जी के स्थान पर 'डैड' कहकर जीते जी दफना दिया जाता है। विदेशी धुनों पर थिरकना, डिस्को में रुचि लेना ही फैशन है। रवींद्रनाथ टैगोर की 'गीतांजलि', तुलसीदास का 'रामचरितमानस' को शायद ही पढ़ा हो किंतु 'हैरी पॉटर' श्रृंखला की छठी पुस्तक को पाने के लिए दीवानगी की हद तक गुज़रने को तैयार है। यहाँ निंदा फैशन की नहीं है पर देशकाल की मर्यादा को ध्यान में रखकर ही फैशन करना उचित है। फैशन से संस्कारों को बहाना नहीं चाहिए, युवा वर्ग को पथभ्रष्ट नहीं होना चाहिए। युवा वर्ग को ही अपनी संस्कृति की रक्षा करनी है, यही एक देश का सपना है।

प्र.1 युवा वर्ग के लिए फैशन का प्रेरणा स्रोत क्या है ?

प्र.2 व्यक्ति और वस्तु पर फैशन का क्या प्रभाव पड़ा है ?

प्र.3 फैशन के नाम पर हम किस प्रकार पतन के गर्व में गिर रहे हैं ?

प्र.4 फैशन की राह पर चलते–चलते किन अन्य बातों का ध्यान रखना होगा ?

प्र.5 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

अभी कुछ लोगों के दिल में नफ़रत अधिक प्यार है कम ।
हम जब होंगे बड़े घृणा का नाम मिटा कर लेंग दम ।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश ।
हम जब होंगे बड़े देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश ।
भ्रष्टाचार जमाखोरी की आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो नई चेतना लानी है।
ऐ घरौंदे जैसा आखिर कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश
इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो ।
थोड़ा सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो ।
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश ।
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं दहेगा देश ।

प्र.1 भ्रष्टाचार और जमाखोरी के विषय में कवि का क्या आशय है ?
प्र.2 उपर्युक्त काव्यांश में कवि अपनी शपथ में किसके प्रति और क्या बखान कर रहे हैं ?
प्र.3 'ऐ घरौंदे जैसा आखिर कितना और ठहेगा देश' । कवि किस ओर संकेत कर रहे हैं ?
स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

छोड़ आज उड़ जाओ ।
विहग ! मुक्ति का गाना गाओ ।
अपनी ही इच्छा से हम–तुम, मुक्त और बंदी बन जाते,
अपने ही सुख–दुख में भूले नित्य स्वप्न के महल बनाते ।।
अश्रु बिखेर चुके तुम अपने, अब पल भर मुसकाओ ।
सागर की गर्जन देखों, देखा निर्झर का बहना,
मध्य निशा में देखा झिलमिल तारों का कुछ कहना
तुम भी मधुर कंठ से जीवन गीत सुनाओ ।
आकुल कर देती है मुझको यह पथ की दुर्बलता
घेरे रहती है प्राणों को मेरे मन की ममता ।।
दैन्य निराश दूर हटा तुम सुख के भाव जगाओ ।

प्र.1 उपर्युक्त पंक्तियों में कवि किसे संबोधित कर रहा है और उसे क्या कहना चाहता है ?

प्र.2 कवि ने प्रकृति के कौन से तत्वों का उदाहरण दिया है और इन तत्वों में कौन सा संदेश छिपा है ?

प्र.3 उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । यह शीर्षक आपको क्यों उचित लगा ?

## खंड–ख व्यावहारिक व्याकरण

प्र.3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

क. श्रद्धालु, स्मृति (वर्ण विच्छेद) कोई एक

ख. स् + अं + स् + क + ऋ + त् + इ

क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ (वर्ण मेल) कोई एक

ग. दवाइया, बाध (अनुनासिक लगाइए) कोई एक

घ. अक, सविधान (अनुस्वार लगाइए) कोई एक

ड. जमाना, तकदीर (नुक्ता लगाइए) कोई एक

प्र.4 क. निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द और उपसर्ग छाँटिए :– (कोई एक)

सपरिवार, परिस्थिति

ख. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय छांटिए (कोई एक)

द्वित, कृतज्ञतापूर्वक

प्र.5 क. संधि कीजिए –

मातृ + ऋण, भाव + ऐक्य, अभि + अर्थी (कोई दो)

ख. संधि विच्छेद कीजिए –

वध्वैश्वर्य, पावक, रोगोपचार (कोई दो)

प्र.6 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए – (कोई तीन)

क. मैंने रामचरितमानस ग्रंथ पढ़ा है।

ख. मैं शारीरिक रूप स ठीक हूँ मुझे अपने दल की मदद करनी चाहिए

ग. उन्होंने कहा तुम्हारी उपलब्धि पर तुम्हें बधाई देना चाहूँगा

घ. जयदेव हैरानी से तुम शिकार पर कैसे जा सकते हो

## खंड –ग (पाठ्य पुस्तक पूरक)

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. लेखक ने अतिथि का स्वागत कैसे किया ?

ख. डॉ0 मीनू मेहता ने क्या जानकारियाँ दी ?

ग. साउथकोल कैंप पहुँचकर लेखिका दो अगले दिन की महत्तपूर्ण चढ़ाई की तैयारी कैसे शुरू की ?

प्र.8 लेखक ने अतिथ को देवता न मानकर 'राक्षस' की संज्ञा क्यों दी ? (विस्तारपूर्वक उत्तर दीजिए)

अथवा

'दुख का अधिकार' पाठ से कैसे स्पष्ट होता है कि पैसे की कमी और अभाव आदमी को दुख मनाने का भी अवसर नहीं देते ? पाठ के अनुसार विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए।

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. 'अग्निपथ' से क्या तात्पर्य है ?

ख. 'गिरी बात वनै नहीं, लाख करौं किन कोय' । आशय स्पष्ट कीजिए ।
ग. जेल से छूटने के बाद सुखिया के पिता ने बच्ची को कौन से रूप में पाया ?

प्र.10 अपनी बच्ची की बीमारी के कारण सुखिया के पिता की क्या दशा हुई ? ''एक फूल की चाह'' कविता के आधार पर बताइए ।

अथवा

किस तरह के लोग चित्रकूट जाते हैं ? अवध नरेश को चित्रकूट क्यों जाना पड़ा ? 'रहीमदास के दोहे'
कविता के आधार पर बताइए ।

प्र.11 क. सांप का ध्यान बंटाने के लिए लेखक ने क्या– क्या युक्तियाँ अपनाई ?
ख. 'आगजनी' का क्या तात्पर्य है ? हामिद खाँ लेखक की किन बातों से हैरान हो रहा था ?

अथवा

गिल्लू की किन चेष्टाओं से यह आभास मिलने लगा था कि उसका अंतिम समय करीब है?

## खंड–घ लेखन

प्र.12 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए – (80–100 शब्द)

प्रदूषण

संकेत बिंदु :–
- कारण और स्रोत
- हानियाँ एवं रोकथाम

अथवा

आत्मनिर्भरता

संकेत बिंदु :– अर्थ – अपने ऊपर निर्भर रहना
- आत्म विश्वासी, कर्मयोगी होना– आत्मनिर्भरता का प्रतीक
- सफलता की सीढ़ी

प्र.13 अपने भाई को क्रिकेट टीम का कप्तान चुने जाने पर बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

आप 75–बी, अपना विहार, गुजरात के राघव हो । बाढ़–पीड़ितों की मदद के दौरान अपने अनुभवों को अपने मित्र से साँझा करते हुए पत्र लिखिए ।

प्र.14 'राजदूत सीमेंट' के लिए 25–30 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा


'मिल्टन बोतल' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन 25–30 शब्दों में तैयार कीजिए ।

प्र.15 समाज में बढ़ती रिश्वत खोरी को लेकर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए।

अथवा

बढ़ते प्रदूषण को लेकर दो मित्रों के मध्य दो मित्रों के प्रति संवाद लिखिए।

प्र.16 निम्नलिखित चित्र का वर्णन कीजिए–



अथवा

